Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-05-2006

Participants : Verma Shri Rajesh

>

Title : Need to send a Central team to Sitapur in Uttar Pradesh to review the implementation of centrally sponsored rural development schemes.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सीतापुर, उ0प्र0 के अंतर्गत जनपद सीतापुर प्रदेश के पिछडे जनपदों में से एक है और पिछड़ा जनपद घोति होने के कारण केन्द्र सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजनाओं - काम के बदले अनाज योजना, अनिवार्य रोज गारंटी योजना, राट्रीय सम ि वकास योजना इत्यादि के अंतर्गत मेरे जनपद को करोड़ों रूपये एवं अनाज केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से भिजवाया गया, लेकिन जनपद सीतापुर में उक्त केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत आबंटित धनराशि और खाद्यान्न का बडे पैमाने पर दुरूपयोग किया गया है।

जनपद सीतापुर में काम के बदले अनाज योजना के अंतर्गत जो अनाज आबंटित किया गया है, वह जनपद में वितरित ही नहीं किया गया है। जनपद सीतापुर में ड्रेन खुदायी, ड्रेन की सफाई के नाम पर भी केन्द्र सरकार के करोड़ों रूपये का भारी दुरूपयोग किया गया है। इसी प्रकार की अनियमितताएं अन्य केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत करवाये जाने वाले कार्यो में भी की गयी है, जिनकी विस्तृत जांच करायी जानी बहुत आवश्यक है1

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बरसात शुरू होने से पहले ग्रामीण विकास मंत्रालय की केन्द्रीय जांच समिति, जिसमें कम से कम तीन सदस्य हों, से केन्द्रीय योजना के अंतर्गत जनपद सीतापुर में विगत पांच सालों के दौरान करवाये गये प्रत्येक अलग अलग कामों की तकनीकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का कट करे।